# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-134 सागवाड़ा, सोमवार, 16 जनवरी, 2023 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## गिड़ा खेल रहे युवाओ ने मांगा चंदा, मना किया तो लठ मार कर दी युवक की हत्या

### 4 बच्चों कि सिर से उठा पिता का साया

मानीया मजदूरी का काम करता था। उसके तीन बेटी और एक बेटा है। उसकी मौत के बाद अब इन चार बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। परिवार में मातम पसरा हुआ है।

**डूंगरपुर।** जिले के आसपुर थाना क्षेत्र के करवा खास में बीती रात मकर सक्रांति पर गिड़ा खेल रहे युवकों ने रास्ते में जा रहे युवक से चंदा मांगा। इधर चंदा देने से मना करने पर युवकों ने युवक के साथ मारपीट कर उसके सिर पर लठ से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद हमलावर युवा मौके से फरार हो गए। इधर घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। वही दोपहर को 20 लाख रूपये मौताणा तय होने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। डूंगरपुर जिले की आसपुर थाना पुलिस के अनुसार करवा खास में रात को कुछ युवा मकर सक्रांति को लेकर गिड़ा का खेल रहे थे। रात में 38 वर्षीय मानीया पुत्र नाथू मीणा बाइक लेकर पारडा ईटीवार से अपने घर पर जा रहा था तभी रास्ते में गिड़ा खेल रहे युवकों ने मानिया से चंदे के रूप में 100 रुपए की मांग की। मानिया ने पैसे देने से मना करने पर युवाओ ने उसके साथ मारपीट कर दी। वही एक युवक ने पीछे से उसके सिर पर लठ से हमला कर दिया। इधर आरोपी घायल मानिया को छोड़कर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने घायल को आसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को आसपुर अस्पताल की मोर्चरी शिफ्ट करवाया।

इधर सुबह परिजन मोर्चरी में एकत्रित हुए और मौताणा की मांग पर अड़ गए। वही पुलिस परिजनों से समझाइश करती रही। इधर आरोपी पक्ष से 20 लाख रूपये मौताणा तय होने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## शांति के माहौल में ही विकास संभव:गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश में शांति और सद्भाव का माहौल बनाए रखना आवश्यक है। इसी से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने संचार क्रांति के माध्यम से देश को 21वीं सदी में ले जाने का स्वप्न देखा था जो कि आज साकार हो रहा है। इसी के परिणामस्वरूप आज इलेक्ट्रोनिक मीडिया का विस्तार वृहद स्तर पर हुआ है।

मुख्यमंत्री रविवार को न्यूज चैनल 'सच बेधड़क' के शुभारम्भ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आशा जताई कि सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में चैनल महती भूमिका निभाएगा।

## वमासा स्थित श्री राधा कृष्णा गौशाला में मकर सक्रांति महोत्सव का आयोजन

### गोशाला के विकास के लिए सांसद और सागवाडा प्रधान ने की आर्थिक सहयोग की घोषणा



**सागवाडा।** वमासा स्थित श्री राधा कृष्णा गौशाला में मकर सक्रांति महोत्सव का आयोजन किया गया। राम कथा वाचक कमलेश भाई शास्त्री द्वारा संगीतमय एकदिवसीय कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सत्संग सुनने वाले मनुष्य को सौभाग्यशाली बताया। सत्संग के सुख की तुलना तराजू के एक पलड़े में स्वर्ग एवं वैकुंठ के सुख से भी ज्यादा है। मनुष्य द्वारा इच्छित वस्तुओ व ऐश्वर्य की प्राप्ति के बाद भी वह दर बदर जीवन पर्यंत भटकता रहता है। बड़े बड़े घरों की सुरक्षा मात्र एक छोटी सी चाबी होती हैं उसी तरह मनुष्य जीवन में चाबी स्वरूप सदगुरु की आवश्यकता होती हैं। जिसके जीवन में गुरु आ जाता है उसके जीवन में नई चेतना का संचार होता है। वमासा गौशाला द्वारा वागड़ अंचल में गौमाता की सेवा के लिये किये जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए शास्त्री ने कहा कि निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहीं वमासा गौशाला सहीं अर्थो में वागड़ को वृंदावन बनाने का कार्य कर रहीं हैं। वागड़ की स्थानीय नस्ल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिये यहाँ स्थानीय नस्ल के संवर्धन के लिए गौ अनुसंधान केन्द्र खोला जा रहा है। जहाँ जैविक कृषि केलिये किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा व गौ आधारित चिकित्सा संबंधी कार्य किया जायेगा। उन्होंने सामाजिक समरसता पर चिंतन करते हुए कहा की समाज समाज मिलकर गांव बनता है। बिहार के शिक्षा मंत्री द्वारा राम चरित मानस पर की टिप्पणी की निंदा की गई। गौशाला समिति के संयोजक एवं सचिव वीरेंद्र सिंह पंवार ने गौ अनुसंधान केंद्र एवं गोशाला की गतिविधियों के बारे में बताया। साथ ही गौशाला में राज्यसभा सांसद भूपेंद्र यादव द्वारा 20 लाख, सांसद कनकमल कटारा ने 15 लाख, सागवाड़ा प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा ने 10 लाख की घोषणा करने पर आभार जताया। सागवाड़ा प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा वे पूर्व में भी गौशाला विकास में पूर्व में भी 10 लाख का सहयोग प्रदान किया था। इस अवसर पर विभाग प्रचारक विकास राज, सांसद कनकमल कटारा, हरीश पाटीदार, सागवाड़ा प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, दीपक कराडा, जगदिश प्रजापति, नरेश पाटीदार, सत्य नारायण सोनी, राजजी रेबारी, श्याम भट्ट, बलवीर आहारी, देवीलाल पाटीदार, पूर्व प्रधान शंकरलाल डेचा, प्रदीप गामोट, प्रेमशंकर सुथार मौजूद रहे। प्रारंभ में अशोक मेहता, प्रदीप जोशी, गिरीश गामोट, अरविंद पाटीदार, हरिहर भावसार, नरेंद्रजी टिलोत, ताजेंग पाटीदार, खेमजी पाटीदार, देवेंग पाटीदार, अनुराग रावल एवं राजेश भट्ट ने स्वागत किया गया। संचालन कोषाध्यक्ष कांतिलाल पाटीदार ने किया।

## ज़ील क्लब में अब डिस्क कैफ़े की शुरुआत, म्यूज़िकल और लाइट करेंगी रोमांचित



**सागवाडा।** ज़ील क्लब सागवाडा में अब वागड़वासी डिस्क कैफ़े का भी लुत्फ़ उठा सकेंगे। रविवार को ज़ील क्लब में कथा वाचक गिरि बापू ने डिस्क कैफ़े का शुभारंभ किया। ज़ील ग्रुप के फ़ाउंडर दीनबंधु त्रिवेदी ने गिरी बापू का स्वागत कर कैफ़े के बारे में जानकारी दी।

ज़ील क्लब के फ़र्स्ट फ़्लोर पर डिस्क कैफ़े की शुरूआत की गई है। ज़ील क्लब के मयूर मेहता ने बताया कि सागवाडा क्षेत्र में ऐसी कोई जगह नहीं थी जहाँ पर बर्थडे, शादी की सालगिरह या ख़ुशी का कोई ऐसा अवसर एन्जॉय कर सके। इसीलिए क्लब में डिस्क कैफे का शुभारंभ किया गया है। डिस्क कैफे के संचालन को लेकर हम प्रोफ़ेशनल डीजे को भी बुला रहे रहे हैं।अगर आप अपने परिवार या दोस्तों के साथ ख़ुशी का कोई भी पल यादगार बनाने की सोच रहे हैं तो अब ज़ील क्लब के डिस्क कैफें में पूरा किया जा सकता है। यहाँ म्यूजिक से लेकर डांस, चाय, काफ़ी ज्यूस सबकुछ अनोखा है। इस कैफे का इंटिरियर बिल्कूल रंगीन है। आप यहां पर अपने दोस्तों के साथ हाई म्यूजिक का लुत्फ उठा सकते हैं। साथ ही कुकी शेक, फ्रेश फरूट शेक, सैंडविच, पिज़्ज़ा, नाचोज, मोमोज, बरगर, कुकी शेक, क्रीम शेक और भी बहुत कुछ। ज़ील ग्रुप हमेशा से ही वागड़ को आगे बढ़ने में निरंतर प्रयास करता रहा हैं और आगे भी करता रहेगा 7 डिस्क कैफ़े केवल मनोरंजन के लिए ही नहीं हैं आज की युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका भी मिलेगा। ज़ील कैफ़े में आज ही 7230068836 संपर्क करें। इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ के भूपेंद्र पंड्या, प्रकाश सोनी, राजाराम सेनी, सैयद, चंदन, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## ज़ील चेरिटेबल ट्रस्ट मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन कराएगा

**सागवाडा।** ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में ज़ील चेरिटेबल ट्रस्ट सागवाडा की ओर से 17 जनवरी से मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। ज़ील चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 500 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया है।

ज़ील अस्पताल सागवाडा में पहले आने वाले 500 लोगों का ऑपरेशन नि:शुल्क किया जाएगा। ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा की ओर से 17 जनवरी से शुरू होने वाले इस शिविर में सुबह 10 बजे से परामर्श लिया जा सकता है। नेत्र चिकित्सा शिविर में ज़ील हॉस्पिटल के नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. यश आर. गांधी आंखों की जाँच करा कर परामर्श लिया जा सकता है। शिविर में आँखों की जाँच कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन का परामर्श दिया जाएगा। नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. यश आर.गांधी ने बताया कि मोतियाबिंद, लेंस में उम्र से संबंधित बदलाव होते हैं ये लेंस जो आपकी आंख के अंदर मौजूद होती हैं। आमतौर पर मोतियाबिंद उम्र बढ़ने के कारण होता है और नजर कमजोर होने का कारण बन सकते हैं।

समय पर इसका ऑपरेशन कर लेंस में बदलाव कराया जाना चाहिए। मोतियाबिंद तब विकसित होता है जब आपकी आंख का लेंस धूमिल हो जाता है।

मोतियाबिंद की शुरुआत मे, व्यक्ति को दृष्टि संबंधी कठिनाइयों की शिकायत नहीं होती है। यदि उन्हें दिखने मे परेशानी हो रही है तो उन्हें आमतौर पर चश्मा बदलकर ठीक किया जाता है। हालांकि, जैसे-जैसे मोतियाबिंद बढ़ता है, लोगों को काम रोशनी मे होने पर पड़ने मे दिक्कत हो सकती है।

## स्कूलों में 18 जनवरी तक बढ़ सकती हैं छुट्टियां

**जयपुर।** राजस्थान में लगातार बढ़ती सर्दी के बाद शिक्षा विभाग एक्टिव मोड में आ गया है। रविवार को शिक्षा विभाग के निदेशक गौरव अग्रवाल ने प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 18 जनवरी तक छुट्टियां घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया है। ऐसे में अब जिला स्तर पर शिक्षा अधिकारी मौसम के अनुसार स्कूलों के समय में परिवर्तन के साथ 18 जनवरी तक छुट्टियों की घोषणा कर सकते हैं। वहीं शिक्षा विभाग के आदेश के बाद जयपुर जिला कलेक्टर ने कक्षा एक से बारहवीं तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को सुबह 10 बजे से खोलने का आदेश जारी किया है। ऐसे में जो स्कूल सरकारी गाइडलाइन की पालना नहीं कर रहे। उनकी शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 0141-2704293 भी जारी किए हैं।

## खंडहर में लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के आशियावाव गांव में 20 वर्षीय युवक का शव एक खंडहर में फंदे से लटका हुआ मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। वही परिजन पोस्टमार्टम को तैयार नहीं है जिसके चलते 24 घंटे से शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा हुआ है। वही पुलिस परिजनों से समझाईश के साथ मामले की जांच में जुटी है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया की तलैया निवासी 20 वर्षीय महेश पुत्र महेश घाटिया हिम्मतनगर में मजदूरी का काम करता था।

वही उसके माता-पिता अहमदाबाद में मजदूरी करते है। इधर महेश घाटिया अक्सर अपने बुआ के गांव आसियावाव आता जाता रहता था। कल सुबह आसियावाव गाँव के पास सडक किनारे स्थित खंडहर में एक महिला ने युवक का शव लटका हुआ देखा। महिला ने मामले की जानकारी सरपंच को दी वही सरपंच ने मामले की सुचना बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। इधर घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर बिछीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त तलैया निवासी महेश घाटिया के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने मामले की सुचना मृतक के परिजनों को दी। सुचना मिलने पर परिजन अहमदाबाद से मौके पर पहुंचे जिसके बाद पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर परिजनों ने मौत पर संदेह जताते हुए हत्या कर शव लटकाने के आरोप लगाए। मामले के खुलासे की मांग को लेकर पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया और शव रखकर चले गए। इधर कल से शव डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में ही रखा हुआ है।

## देश की अर्थव्यवस्था में वैश्य समाज का योगदान महत्वपूर्ण



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वैश्य समाज ने अपनी उद्यमशीलता से पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। देश की अर्थव्यवस्था में वैश्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। आजादी के आंदोलन में जमना लाल बजाज एवं जी.डी. बिरला जैसी अनेक विभूतियों ने महात्मा गांधी जी के साथ मिलकर कार्य किया। अकाल जैसी प्राकृतिक आपदाओं में वैश्य समाज ने सदैव आगे बढ़कर राहत कार्यों में सहयोग दिया है। मुख्यमंत्री रविवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज वैश्य समाज के लोग भारत के हर कोने में फैले हुए हैं। राजस्थान से निकले औद्योगिक घरानों ने देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। इन उद्योगपतियों ने अपने मूल क्षेत्रों से भी अपना जुडाव निरंतर बनाए रखा है तथा उनकी उन्नति के लिए कार्य किये हैं। गहलोत ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान राज्य में सर्वश्रेष्ठ कोरोना प्रबंधन हुआ।

कोई भूखा ना सोए के संकल्प के साथ जरूरतमंदों के लिए भोजन सहित अन्य व्यवस्थाएं समाजसेवियों के सहयोग से उपलब्ध कराई गई। इसमें वैश्य समाज ने भी आगे बढ़कर उल्लेखनीय कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पूर्व में खाद्य, शिक्षा, सूचना एवं रोजगार के अधिकार आमजन को कानून बनाकर दिए गए हैं। इसी प्रकार देश में आमजन को सामाजिक सुरक्षा का अधिकार कानून बनाकर दिया जाना चाहिए। वर्तमान में राजस्थान में लगभग 1 करोड़ वृद्धजनों, विधवाओं, नि:शक्तजनों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन दी जा रही है। इसी तरह केन्द्र सरकार को भी एक समान सामाजिक सुरक्षा नीति बनाकर पूरे देश में लागू करनी चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समान रूप से सामाजिक एवं आर्थिक संबल मिल सके। गहलोत ने कहा कि राजस्थान आज सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है।

केन्द्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार 11.04 की विकास दर के साथ राज्य पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। आज पूरे देश में राज्य सरकार की योजनाएं चर्चा का विषय है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से आमजन को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है।

## पेपरलीक मास्टरमाइंड का बंगला 30 घंटे में ढहाया

**जयपुर।** सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण के घर से जयपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। जेडीए को तीन दिन में 30 घंटे से अधिक समय इसको ढहाने में लगा। रविवार को मकान की तीसरी, चौथी मंजिल और पीछे के सेटबैक से अवैध निर्माण को हटाया गया। अब मलबा हटाया जाएगा। जेडीए के एन्फोर्समेंट विंग के चीफ रघुवीर सैनी ने बताया कि भूपेंद्र सारण के रजनी विहार स्थित सी 67 पर अवैध निर्माण को हटा दिया गया है। इस मकान के दोनों तरफ तीन मंजिला बड़े मकान बने हुए हैं। उनका भी ध्यान रखते हुए ऑपरेशन किया गया। इस कार्रवाई में जेडीए के 10 लोकंडा मशीन, 6 हैमर मशीन, 1 गैस कटर और 15 से अधिक मजदूरों लगे। सैनी ने बताया कि इस कार्रवाई से पड़ोसियों को कोई नुकसान नहीं होने दिया गया। अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शनिवार शाम को पूरी हो गई। पेपर लीक मामले में राज्य सरकार अब तक चार सरकारी कर्मचारियों को भी बर्खास्त कर चुकी है। इनमें सिरोही जिले के सीनियर टीचर भागीरथ, जालोर के जसवंतराम स्कूल के सीनियर टीचर रावताराम, ठेलिया स्कूल के प्रिंसिपल सुरेश कुमार, चितलवाना झाब में तैनात सीनियर असिस्टेंट पुखराज शामिल है।

## डामोर समाज शिक्षा फाउंडेशन चौरासी ने152 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**सीमलवाड़ा।** डामोर शिक्षा फाउंडेशन चौरासी की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डामोर शिक्षा फाउंडेशन द्वारा 152 प्रतिभाओं में नव निर्वाचित कर्मचारियों, छात्रों खेल, शिक्षा अन्य क्षेत्र को सम्मानित किया गया। पीठ संस्कृत महाविद्यालय के पास समाज भूमि परिसर में प्रतिवर्ष की भांति डामोर समाज चौरासी के प्रतिभावान छात्रों, नवनियुक्त कर्मचारियों, अधिकारियों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि गटुसिंह डामोर थे।

विशिष्ट अतिथि सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल डामोर थे। अध्यक्षता लालशंकर डामोर ने की। सरपंच मनोहर सिंह डामोर, सरपंच कल्याण सिंह डामोर, पूर्व सरपंच केसरसिह डामोर, पूर्व सहायक अभियंता कारीलाल डामोर, पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह खातरा, सरपंच प्रवीण डामोर, सरपंच साहेब सिह, सरपंच राधा देवी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर, सरपंच सूर्या देवी, शांता देवी, रिटायर्ड प्रधानाध्यापक मदन सिंह डामोर, रायमल डामोर, पूर्व एसडीएम अमृत लाल डामोर, शिक्षा फाउंडेशन के अध्यक्ष राय सिह डामोर, पूर्व बैंक केशियर कारीलाल डामोर, पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पन्नालाल डामोर, आरएएस करन सिंह डामोर, वाल चंद डामोर, सरपंच सरदार सिंह, सरपंच बाबूलाल पना डामोर, प्रताप सिंह, नानूराम डामोर, नरेश बारिया, रमण हेमा डामोर, कांतिलाल कुड़िया, हिरालाल डामोर भचड़िया, नानालाल पगी, अभय सिंह मंच पर उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन डामोर शिक्षा फाउंडेशन के संरक्षक पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर दौलतराम डामोर ने देते हुए समाज के लिए भवन निर्माण का बीड़ा उठाया।रिटायर्ड व्याख्याता धूलेश्वर डामोर ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में जीत के लिए जुनून चाहिए। शांता देवी डामोर ने महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर ने डामोर शिक्षा के प्रति अलख जगाने की बात रखी। सरपंच संघ अध्यक्ष बाबूलाल डामोर छात्रों को बताया कि जागरूक हो कर अपनी मेहनत जारी रखे। आरएएस करण सिंह डामोर ने शिक्षा फाउंडेशन और इसके उद्देश्यों के बारे में बताया।

सरपंच जयंतीलाल डामोर, सरपंच मनोहर सिंह डामोर, सरपंच सरदार सिंह, सरपंच राधा देवी, सरपंच कल्याण सिह ने हरसर सम्भव फाउंडेशन को तन मन धन से सहयोग का वादा किया। सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर कन्यालाल डामोर ने छात्रों को जीवन मे आगे बढ़ने को कहा। अजमेल डामोर, प्रेमचंद डामोर, महिंद्र डामोर, राकेश डामोर, प्रताप सिंह डामोर, डायालाल डामोर, बलवंत डामोर, कन्हैया लाल डामोर, दलपत डामोर, छत्र सिह, किशोर सिंह, वालचंद डामोर, मधु कांता डामोर, संगीता डामोर, जवान सिह डामोर, इंद्र सिह, गिरदावर राजेन्द्र डामोर, रामलाल डामोर, दौलत राम डामोर, जयसिंह डामोर, दीपसिंह डामोर, रमेश डामोर, श्याम लाल, रूपलाल डामोर, भूरालाल डामोर, अरविंद डामोर, दिलिप डामोर, अशोक बारिया, मोहन डामोर, नरेश डामोर, गोपाल डामोर, जवान सिह, पोपट डामोर मौजूद रहे। संचालन प्राध्यापक मोहन लाल डामोर ने किया और आभार नानूराम डामोर ने जताया।

## बाइक ने महिला को मारी टक्कर, हादसे में महिला की मौत, बस के इन्तजार में खडी थी महिला

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के साबली नला फला गांव में सडक किनारे खडी महिला को एक बाइक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौत हो गइ। महिला सडक किनारे बस के इंतज़ार में खडी थी। इधर हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही मामला दर्ज कर आरोपी बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया की रातापानी निवासी 38 वर्षीय मंजुला पत्नी स्वर्गीय जयंतीलाल मनात अपने पीहर नला फला साबली गई हुई थी।आज मंजुला अपने पीहर से ससुराल जाने के लिए साबली बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी। इस दौरान तेज गति से आई बाइक ने सडक किनारे खडी महिला मंजुला को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना के बाद चालक बाइक को लेकर मौके से फरार हो गया। इधर हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने मामले की जानकारी महिला के पीहर पक्ष को दी वही बिछीवाडा थाना पुलिस को भी मामले की जानकारी दी। सुचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव को लेकर डूंगरपुर अस्पताल पहुंचे।


